University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

# University in News on 21 June 2020

## AMAR UJALA MY CITY Page 3

### लविवि ने जारी की बीपीएड-एमपीएड समेत छह पाठ्यक्रमों की परीक्षा तारीख

लखनऊ। विरोध के बीच लविवि ने शनिवार को छह अन्य पाठ्यक्रम की परीक्षा की तारीख घोषित कर दी। परीक्षा की नई प्रणाली भी घोषित की है। नई प्रणाली में छात्रों को ज्यादा विकल्प मिलेंगे। लविवि परीक्षा नियंत्रक प्रो. आनंद मुरारी सक्सेना ने बताया कि बीपीएड की परीक्षा 23 जुलाई से 30 जुलाई तक, एमपीएड की परीक्षा 4 अगस्त से 13 अगस्त तक, बीए पब्लिक पॉलिसी की परीक्षा 17 जुलाई से 28 जुलाई, बीवोक रिन्यूबल एनर्जी की परीक्षा 7 जुलाई से 30 जुलाई, एमएससी रिन्यूबल एनर्जी की परीक्षा 7 जुलाई से 30 जुलाई और बीबीए टूरिज्म की परीक्षा 17 जुलाई से 29 जुलाई के बीच होगी। इनका विस्तृत कार्यक्रम जल्द जारी किया जाएगा।

#### ऐसा होगा पेपर का स्वरूप

**परास्नातक के सभी सेमेस्टर और बीए, बीएससी तथा बीकॉम द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर को छोड़कर अन्य पाठ्यक्रम :** पहली यूनिट के अनिवार्य प्रश्न के दस खंड में से किन्हीं पांच सवालों को ही हल करना होगा। जहां 5 खंड होंगे वहां 3 का उत्तर देना होगा। बाकी 8 सवाल में से किन्हीं चार सवालों का उत्तर देना होगा।

**बीए, बीएससी तथा बीकॉम द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर :** विद्यार्थियों को परीक्षा में एक घंटे में 80 में से महज 40 सवाल देने होंगे। पेपर एक घंटे का होगा। पहली पाली सुबह 8 बजे से 9 बजे तक, दूसरी सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा तीसरी पाली दोपहर दो बजे से तीन बजे के बीच होगी।

## NBT Page 2

### एलयू में बचे विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

**एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को बचे हुए पांच अन्य विषयों का भी परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया। इसके अलावा परीक्षा के आयोजन पर भी मुहर लगा दी।

एलयू परीक्षा नियंत्रक एएम सक्सेना ने बताया कि लिखित परीक्षा वाले स्टूडेंट्स को प्रथम खंड में 10 में पांच, द्वितीय खंड में पांच में से तीन प्रश्न की करने होंगे। इसके अलावा बचे आठ प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर ही देने होंगे। वहीं, बीए, बीकॉम, बीएससी द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर में एमसीक्यू के तहत 80 प्रश्नों में 40 का उत्तर एक घंटे में देना होगा।

#### परीक्षा कार्यक्रम

- **बीपीएः** 23 से 30 जुलाई
- **एमपीएडः** 4 से 13 अगस्त
- **बीए (पब्लिक पॉलिसी)ः** 17 से 28 जुलाई
- **वीवोक (रिन्यूएविल एनर्जी)ः** 7 से 30 जुलाई
- **एमएससी (रिन्यूएविल एनर्जी)ः** 7 से 30 जुलाई
- **वीवीए (टूरिज्म)ः** 17 से 29 जुलाई

## HINDUSTAN Page 6

### लविवि में सेमेस्टर परीक्षा अब एक घंटे की होगी

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सेमेस्टर परीक्षा के पैटर्न में बदलाव किया है। अब यह परीक्षा सिर्फ एक घंटे की होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन की शनिवार को हुई बैठक के बाद यह निर्देश जारी किए गए हैं। बीपीएड और एमपीएड परीक्षाओं की तिथियों के साथ ही संशोधित कार्यक्रम भी जारी किया गया है।

**प्रश्नों की संख्या कम की गईः** विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा को कम समय में कराने की कोशिश की गई है। इसके लिए परास्नातक सेमेस्टर परीक्षाओं में अनिवार्य प्रश्न संख्या-1 में 10 खण्डों में से अब किसी 5 खण्ड का ही छात्रों को उत्तर देना है। जहां पर 5 खण्ड है वहां पर 3 खण्ड के उत्तर देने हैं। अन्य 8 प्रश्नों में से 4 प्रश्न का उत्तर देना होगा। बीबीए, बीसीए, बी.टेक, बीएड, बीईएलएड, एलएलबी, बी.कॉम (आनर्स), बीपीएड, बी. लिब, बीजेएमसी, समेत सभी स्नातक स्तरीय सेमेस्टर पाठ्यकम की परीक्षा में भी यही व्यवस्था लागू की गई है।

**एमसीक्यू की संख्या हुई आधी :** स्नातक स्तरीय पाठ्यकम ( बीए, बी.एससी एवं बी.कॉम) द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में एमसीक्यू की संख्या घटा दी गई है। 80 की जगह 40 प्रश्न ही पूछे जाएंगे। पूर्व निर्धारित समय सीमा 1 घंटा 30 मिनट के स्थान पर 1 घंटा की समयावधि में किया जाना है। प्रवक्ता ने बताया कि वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, इसलिए उसमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

#### पैटर्न बदला

- विश्वविद्यालय ने परीक्षा पैटर्न में किया बदलाव
- परीक्षा के समय के साथ ही प्रश्नों के खंडों को घटाया गया

#### 23 से होगी बीपीएड की परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय के संशोधित कार्यक्रम के तहत बीपीएड की परीक्षा 23 से 30 जुलाई और एमपीएड की परीक्षाएं 4 से 13 अगस्त के बीच होंगी। इसके अलावा, बी.टेक की परीक्षाएं 31 जुलाई से 14 अगस्त के बीच कराई जाएंगी।

## i-NEXT Page 4

### नए पैटर्न पर ही होंगे एलयू सेमेस्टर एग्जाम



**LUCKNOW (20 June):** लखनऊ यूनिवर्सिटी की ओर से सेमेस्टर परीक्षा को लेकर शनिवार को अहम बैठक हुई. परीक्षा नियंत्रक प्रो. आनंद मुरारी सक्सेना ने बताया कि कोरोना संक्रमण के चलते इस सेमेस्टर परीक्षा के पैटर्न में बदलाव किया गया है. अब यह परीक्षा सिर्फ एक घंटे की होगी.

#### कम की गई प्रश्नों की संख्या

प्रो. आनंद मुरारी ने बताया कि परास्नातक सेमेस्टर परीक्षाओं में अनिवार्य प्रश्न संख्या-1 में 10 खंडों में से अब कोई पांच खंड को ही छात्रों को करना होगा. जहां पर पांच खंड हैं वहां पर तीन खंड ही किए जाने हैं. अन्य आठ प्रश्नों में से कोई भी चार प्रश्न के उत्तर छात्र द्वारा दिए जाने हैं. इसी तरह, बीबीए , बीसीए, बी.टेक, बीएड, बीईएलएड, एलएलबी, बी.कॉम (आनर्स), बीपीएड, बी. लिब, बीजेएमसी, समेत सभी स्नातक स्तरीय सेमेस्टर पाठ्यक्रम की परीक्षा में भी यह व्यवस्था लागू की गई है.स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम (बीए, बी.एससी एवं बी.कॉम ) द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में एमसीक्यू की संख्या घटी है. 80 के स्थान पर छात्र द्वारा 40 प्रश्न ही किए जाने हैं. समय सीमा 1 घंटा 30 मिनट की जगह1 घंटा की जानी है.

## DAINIK JAGRAN Page 7

### नए पैटर्न पर होगी लविवि की सेमेस्टर परीक्षा

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से सेमेस्टर परीक्षा को लेकर शनिवार को अहम बैठक हुई। परीक्षा नियंत्रक प्रो. आनंद मुरारी सक्सेना ने बताया कि कोरोना संक्रमण के चलते इस सेमेस्टर परीक्षा के पैटर्न में बदलाव किया गया है। अब यह परीक्षा सिर्फ एक घंटे की होगी।

बीपीएड व एमपीएड परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम भी जारी किया गया है। प्रो. आनंद मुरारी ने बताया कि परीक्षा को कम समय में कराने की कोशिश की गई है। परास्नातक सेमेस्टर परीक्षाओं में अनिवार्य प्रश्न संख्या -1 में 10 खंडों में से अब कोई पांच खंड को ही छात्रों को करना होगा। जहां पर पांच खंड हैं वहां पर तीन खंड ही किए जाने हैं। इसी तरह, बीबीए, बीसीए, बी.टेक, बीएड, बीईएलएड, एलएलबी, बी.कॉम बीपीएड, बी. लिब, बीजेएमसी, समेत सभी स्नातक स्तरीय सेमेस्टर पाठ्यक्रम में भी लागू की गई है।

#### आधी हुई एमसीक्यू की संख्या



स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम (बीए, बी.एससी एवं बी.कॉम ) द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में एमसीक्यू की संख्या घटा दी गई है। प्रश्नों में 80 के स्थान पर छात्र द्वारा 40 प्रश्न ही किए जाने है। पूर्व निर्धारित समय सीमा 1 घंटा 30 मिनट के स्थान पर 1 घंटा की समयावधि में किया जाना है। प्रवक्ता ने बताया कि वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, इसलिए उसमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

## HINDUSTAN TIMES Page 2

### LU to reduce exam questions, time

HT Correspondent
letters@htlive.com

**LUCKNOW:** Lucknow University administration has decided to reduce the number of questions and the duration of the examination as part of the changes brought in the examination pattern given Covid-19 pandemic.

The university administration announced to reduce the number of compulsory sections in the exam paper from 10 to five for some courses.

For courses where the number of sections is five, it has to be reduced to three. The students will have to answer only four of the remaining eight questions.

"It has also been asked to reduce the questions for the second and fourth semester of graduate courses. Now the students will have to answer only 40 multiple choice questions, instead of 80. The time of the examination has also been reduced to 60 minutes from 90 minutes," said LU Spokesman Durgesh Srivastav. "However the remaining annual exams which were postponed in the middle of March will be held as per the previous pattern," he said.

The university has earlier announced to begin its examination from July 7, amidst Covid-19 outbreak.

The dates, university has maintained can be changed according to any fresh orders from the state government.

Several student groups and parents have opposed the decision of the university to hold examination amidst Covid-19.

> THE UNIVERSITY ADMN ANNOUNCED TO REDUCE THE NUMBER OF COMPULSORY SECTIONS IN THE EXAM PAPER FROM 10 TO FIVE FOR SOME COURSES

## AMRIT VICHAR Page 3

### संबद्ध कॉलेज करें परीक्षा की तैयारियां

लखनऊ। स्नातक और परास्नातक की परीक्षाओं की तैयारियों के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय ने सभी संबद्ध महाविद्यालयों को दिशा निर्देश जारी कर दिए है। कॉलेजों में भी सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए परीक्षाओं को कराया जायेगा। वहीं कुलपति ने अपने आदेश में कहा कि परीक्षा के दौरान कोई भी प्रकार की समस्या न होने पाये।